सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

पीठासीन अधिकारीः– **श्री उत्तमसिंह शेखावत, R.A.S.**

राजस्व अपील संख्याः 11/2017 . दायर दिनाँक 10.05.2017

अपीलार्थी		प्रत्यर्थीगण
1. नाथूराम पुत्र दुलाराम, उम्र–80साल, जाति–जाट, निवासी–रिक्शावास तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान।	बनाम	1. गोविन्दराम पुत्र दुलाराम, 2. चुनकी पत्नी भोलूराम, 3. [illegible] भोलूराम 4. गुन्नी पुत्री भोलूराम, 5. हरिराम दत्तकपुत्र भोलूराम, समस्त,जाति–जाट, निवासी–रिक्शावास, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, 6. सरपंच, ग्रामपंचायत, डाकीपुरा, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान।

अपील,
विरूद्ध नामान्तरकरण संख्या 286 दिनाँक 20.11.2007
द्वारा
ग्रामपंचायत डाकीपुरा
अन्तर्गत धारा–75 **L.R.Act.**

उपस्थितः–

1. अपीलार्थी उपस्थित।

निर्णय

दिनाँक **04.06.2018**

अपील का सारांश संक्षिप्त में इस प्रकार है कि, शरहद मौजा रिक्सा बास में खेत खसरा नम्बर 255 रकबा 07.03 बीघा, खेत खसरा नम्बर 230 रकबा 06.04 बीघा, खेत खसरा नम्बर 232 रकबा 06.06 बीघा, खेत खसरा नम्बर 243 रकबा 06.05 बीघा, खेत खसरा नम्बर 244 रकबा 06.06 बीघा, खेत खसरा नम्बर 256 रकबा 07.02 बीघा, खेत खसरा नम्बर [illegible] रकबा [illegible] बीघा, [illegible] रकबा [illegible] [illegible] अवस्थित है।

उपर्युक्त भूमि का नामान्तरकरण संख्या 286 दिनाँक 20.11.2007 द्वारा सरपंच, ग्रामपंचायत डाकीपुरा से स्वीकृत हुआ।

प्रार्थना अपीलार्थी है कि,

सहायक कलक्टर
डीडवाना

Scanned by CamScanner

राजस्व–अपील, संख्या 11/2017
दायर दिनाँक 10.11.2017, निर्णय दिनाँक 04.06.2018
नाथूराम बनाम् गोविन्दराम, वगैरा।

शरहद रिक्सा बास की अपीलग्रस्थ भूमि के जैरअपील नामान्तरकरण संख्या 286 दिनाँक 286 अपास्त किया जावे तथा अपीलार्थी का हिस्सा 3/8 भाग व प्रत्यर्थी गोविन्दराम का हिस्सा 3/8 भाग व प्रत्यर्थीगण संख्या 02 ता 05 का हिस्सा 1/4 भाग के नाम नामान्तरकरण दर्ज किया जावे।

अपीलार्थी की अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर [illegible] को जरिये सम्मन तलब किया गया। प्रतिवादीगण के बावजूद तामिलगी के न्यायालय में अनुपस्थित रहने से इनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जाने का आदेश पारित किया गया।

अपीलार्थी ने अपील के समर्थन में शपथ–पत्र, प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 05 लिमिटेशन एक्ट, नामान्तरकरण संख्या 286 दिनांकित 20.11.2007 की प्रमाणित प्रतिलिपि, पेश की है।

न्याय आपके द्वार, 2018 : राजस्व कोर्ट कैम्प–डाकीपुरा में पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी उपस्थित। अपीलार्थी अपील स्वीकार की जाकर उक्त नामान्तरकरण संख्या 286 दिनाँक 20.11.2017 द्वारा ग्रामपंचायत डाकीपुरा को अपास्त किया जाने का निवेदन कर रहे है। मजमें आम में अपील के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। अप्रार्थीगण की ओर से कोई आपत्ति अथवा स्वीकारोक्ति नहीं है, ऐसी स्थिति में, शरहद मौजा रिक्सा बास में खेत खसरा नम्बर 255 रकबा 07.03 बीघा, खेत खसरा नम्बर 230 रकबा 06.04 बीघा, खेत खसरा नम्बर 232 रकबा 06.06 बीघा, खेत खसरा नम्बर 243 रकबा 06.05 बीघा, खेत खसरा नम्बर 244 रकबा 06.06 बीघा, खेत खसरा नम्बर 256 रकबा 07.02 बीघा, खेत खसरा नम्बर 298 रकबा 19.03 बीघा, कुल रकबा 47.06 बीघा का नामान्तरकरण के सम्बन्ध में, उक्त भूमियों के खातेदार के वारिशान् की जाँच कर, बाद जाँच, नियमानुसार विधिक वारिशान् के नाम नामान्तरकरण दर्ज किया जाना न्यायालय के मतानुसार उचित प्रतीत होता है।

अतः बाद विवेचन, अपीलार्थी की अपील आंशिक स्वीकार कर, जैरअपील नामान्तरकरण संख्या 286 दिनाँक 20.11.2007 अपास्त किया जाता है तथा प्रकरण तहसीलदार डीडवाना को निम्न निर्देश के साथ प्रेषित किया जाता है।

सहायक कलक्टर
डीडवाना

Scanned by CamScanner

राजस्व–अपील, संख्या 11 / 2017
दायर दिनाँक 10.11.2017, निर्णय दिनाँक 04.06.2018
नाथूराम बनाम् गोविन्दराम, वगैरा।

–:: आदेश ::–

हस्तगत अपील अपीलार्थी आंशिक स्वीकार करते हुए, जैर अपील नामान्तरकरण संख्या 286 दिनाँक 20.11.2007 को अपास्त किया जाकर, प्रकरण तहसीलदार डीडवाना को इस निर्देश के साथ प्रेषित किया जाता है कि, जैर अपील जायगा के नामान्तरकरण बाबत् इसके विधिक वारिशान् की जाँच कर, बाद जाँच, नियमानुसार नामान्तरकरण निर्णय पारित किया जावे।

(उत्तमसिंह शेखावत)
सहायक कलक्टर
डीडवाना
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना
कोर्ट कैम्प–डाकीपुरा

निर्णय, आज दिनाँक **04.06.2018** को सरे कोर्ट कैम्प में सुनाया गया।

(उत्तमसिंह शेखावत)
सहायक कलक्टर
डीडवाना
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना
कोर्ट कैम्प–डाकीपुरा

Scanned by CamScanner

न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

न्याय आपके द्वार,2018 : राजस्व कोर्ट कैम्प

क्रमांक --11–2017 / रीडर / 2018 / 550 दिनाँक 04.06.2018

तहसीलदार
डीडवाना।

विषयः –निर्णय की पालना करने बाबत्।

अपील,
विरूद्ध नामान्तरकरण संख्या 286 दिनाँक 2[illegible].11.2007
द्वारा
ग्रामपंचायत डाकीपुरा
अन्तर्गत धारा [illegible]

अपीलार्थी		प्रत्यर्थीगण
1. नाथूराम पुत्र दुलाराम, उम्र–80साल, जाति–जाट, निवासी–रिक्साबास, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान।	बनाम	1. गोविन्दराम पुत्र दुलाराम, 2. चुनकी पत्नी भोलूराम, 3. सन्तोष पुत्री भोलूराम, 4. मुन्नी पुत्री भोलूराम, 5. हरिराम दत्तकपुत्र भोलूराम, समस्त जाति-जाट, निवासी-रिक्शाबास, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान, 6. सरपंच [illegible] डाकीपुरा तहसील [illegible]ना, जिला–नांगौर, राजस्थान।

उपरोक्त विषयक वर्णित प्रकरण में पारित निर्णय की छायाप्रति संलग्न पालनार्थ प्रेषित है। निर्णयानुसार पालना कर, पालना रिर्पोट भिजवायें, बशर्ते किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन व राज्यहित प्रभावित नहीं हो।

सहायक कलक्टर

सहायक कलक्टर
कोर्ट डीडवाना

Scanned by CamScanner